एक नजर में

असाक्षर बहिनों को साक्षर बनाने पर दिया जोर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल के संयुक्त निर्देशानुसार जिले में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत चिंहित असाक्षर बहनों को साक्षर बनाने में जिला प्रौढ़ शिक्षा तथा एनआरएलएम दोनों विभागों के संयुक्त प्रयास हेतु आरके पस्तोर जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी एवं जिला प्रबंधक एनआरएलएम देवेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर विभागीय स्टॉफके उक्त कार्य करने हेतु मीटिंग आयोजित की गई।

मीटिंग में बताया गया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल के संयुक्त निर्देशानुसार जिले में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत चिंहित असाक्षर बहनों को साक्षर बनाने में ग्रामीण आजीविका मिशन की साक्षर दीदी, अक्षर साथी के साथ में एनआईएलपी पर पंजीकृत करेंगी। स्वसहायता समूह की असाक्षर बहनों का पंजीयन कर, अक्षर पोथी के माध्यम से पढ़न-पाढ़न कराकर माह मार्च में होने वाली साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में सम्मलित कराकर, स्व-सहायता समूह के सभी सदस्य साक्षरता प्रमाण-पत्र प्राप्त करेंगे।

युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

एक साथ हजारों लोगों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री रहे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज टीकमगढ।

मुख्यालय के अलावा जिलेभर में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने शहर के नजरबाग ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत शामिल हुए।

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ सूर्य नमस्कार और अन्य योग क्रियाएं कीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग तन और मन को स्वस्थ रखता है। उन्होंने बताया कि भारत में प्राचीन काल से योग की परंपरा चली आ रही है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर ले जाकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तौर पर स्थापित कराया है। जिला मुख्यालय के अलावा जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी स्कूलों में भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। नजरबाग मैदान में हुए सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत सहित स्कूली बच्चों के साथ केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सूर्य नमस्कार किया।

इसके बाद योग की अन्य क्रियाएं भी कराई गईं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि योग की प्राचीन परंपरा हमारे ऋषि-मुनियों की देन है। नियमित योग अभ्यास और सूर्य नमस्कार से हम स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने ऋषि-मुनियों के दीर्घायु होने का सबसे बड़ा कारण नियमित दिनचर्या और योग अभ्यास बताया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह चौहान, विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, प्रमोद पटसारिया, सुरेश दौंदेरिया, सत्येंद्र गुर्जर सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

योग की प्राचीन परंपरा ऋषि-मुनियों की देन

स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने शहर के नजरबाग ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सूर्य नमस्कार किया। इसके बाद योग की अन्य क्रियाएं भी कराई गईं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि योग की प्राचीन परंपरा हमारे ऋषि-मुनियों की देन है। नियमित योग अभ्यास और सूर्य नमस्कार से हम स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने ऋषि-मुनियों के दीर्घायु होने का सबसे बड़ा कारण नियमित दिनचर्या और योग अभ्यास बताया। इसके साथ ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने योग के बारे में बताया।

पलेरा के कार्यक्रम में पतंजलि योग के सदस्यों ने लिया भाग

स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस सांदीपनि विद्यालय पलेरा के प्रांगण में हर्षोल्लास एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ मनाया गया इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पतंजलि योग समिति के सदस्यों, पत्रकार बंधुओं, तहसीलदार एवं सभी विद्यालयों, कार्यालय के प्रमुखों, शिक्षकों और छात्र छात्राओं नें भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर, माँ शारदे और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के पूर्व पतंजलि योग समिति के संतोष खरे, अनिल मिश्रा, रामसिंह राजपूत के द्वारा सूक्ष्म व्यायाम एवं प्रज्ञा योग का सामूहिक अभ्यास कराया गया।

किसान की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

दिगौड़ा थाना क्षेत्र के मजगुवां गांव में सोमवार सुबह करीब 4-5 बजे खेत पर आग ताप रहे एक किसान की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मजगुवां गांव निवासी भगवान दास साहू 58 अपने टेढ़ा हार स्थित खेत पर फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जतारा अस्पताल भेजा। बेटे मुकेश साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मुकेश ने दो लोगों पर हत्या का संदेह जताया। पुलिस ने चौड़ा माता के पास से दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि खेत पर कुल्हाड़ी से हमला हुआ जिसमें शख्स की मौत हो गई है। थाना प्रभारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिए है। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के मजगुवां गांव में सोमवार सुबह करीब 4-5 बजे खेत पर आग ताप रहे एक किसान की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या का मामला सामने आते ही समूचे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। इस घटना को लेकर लोग तमाम प्रकार की बाते कर रहे है। हालाकि पुलिस ने दो को हिरासत में ले लिया है।

देर रात सब्जी से भरा पिकअप वाहन पलटा, बड़ी घटना होने से टली

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शहर के बस स्टैंड रोड पर मटर से भरा एक पिकअप वाहन पलट गया। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। गनीमत रही कि वाहन पलटने के दौरान ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित रहे, उन्हें कोई चोट नहीं आई।

स्थानीय लोगों ने इस हादसे का कारण सड़क पर मौजूद बड़े-बड़े गड्ढों को बताया है। बस स्टैंड रोड की पूरी सड़क खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।अंबेडकर तिराहा से लेकर बस स्टैंड तक का पूरा मार्ग लंबे समय से जर्जर है। नगर पालिका की ओर से इसकी मरम्मत के लिए टेंडर भी जारी हो चुका है। ठेकेदार ने डिवाइडर रोड के एक ओर तो मरम्मत का काम पूरा कर दिया है, लेकिन दूसरी ओर अभी तक काम शुरू नहीं किया गया है।जय स्तंभ चौराहा से लेकर पुराना बस स्टैंड तक की सड़क भी खराब हालत में है। सड़क पर नालीनुमा गड्ढा खोद दिया गया है, जिसके कारण बीती रात मटर से भरा पिकअप वाहन पलट गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस गड्ढे की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने तत्काल गड्ढे की मरम्मत कराने की मांग की है। शहर के बस स्टैंड रोड पर मटर से भरा एक पिकअप वाहन पलट गया। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। गनीमत रही कि वाहन पलटने के दौरान ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित रहे, उन्हें कोई चोट नहीं आई।

आज होगी कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें अधिकारी लोगों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण करेंगे।

इसके अलावा प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी प्रशासन चलों गांव की ओर के तहत संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लेंगे। नोडल अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त शिकायती आवेदनों के संबंध में बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएगे।

सड़क निर्माण में गुणवत्ता सुधारने की दी हिदायत

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नया बस स्टैंड से धजरई बल्देवगढ़ रोड का निर्माण कार्य जारी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर उन्होंने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने मौके से ही एमपीआरडीसी के अधिकारियों को फोन पर निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। दरअसल टीकमगढ़ से बंधा तिराहा तक की सड़क लंबे समय से खस्ताहाल थी। इस सड़क के निर्माण का टेंडर पहले ही हो चुका था और ठेकेदार ने बंधा की ओर से निर्माण कार्य शुरू किया था।हाल ही में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नया बस स्टैंड की ओर से भी काम शुरू कराने की मांग रखी थी। इस पर कलेक्टर ने बैठक में मौजूद एमपीआरडीसी के अधिकारियों को बस स्टैंड से भी निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए थे।

धूप निकलते ही मिली ठंड से राहत

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

सुबह से एक बार फिर मौसम साफ है। सुबह करीब 7.30 बजे तक हल्का कोहरा रहा, जिसके बाद अच्छी धूप निकली। शनिवार और रविवार को भी दिनभर धूप रहने से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली है। दिन और रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। धूप के निकलने से लोगों को अब कोहरे से राहत मिली है।

रविवार को अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री रहा था। पिछले सोमवार को अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था, जिससे पता चलता है कि पिछले कुछ दिनों में तापमान में लगातार वृद्धि हुई है।मौसम विभाग ने इस पूरे हफ्ते आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है।

मकर संक्रांति पर्व पर लग रहा घंटों जाम

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नगर के नजाई बाजार में मकर संक्रांति पर्व के कारण खरीदारी के लिए भीड़ बढ़ गई। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे नजाई मंडी के मुख्य गेट पर लंबा जाम लग गया, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस का कोई भी जवान मौके पर मौजूद नहीं था।

दरअसल नजाई मंडी में सब्जी मंडी के साथ-साथ फुटकर गल्ला मंडी और फलों के ठेले स्थायी रूप से लगे रहते हैं। त्योहारों के समय किसानों और खरीदारों की संख्या बढ़ने से भीड़ का दबाव और बढ़ जाता है। मुख्य गेट पर कुछ दुकानदार सड़क पर कब्जा जमा लेते हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में इस मुद्दे को कई बार उठाया जा चुका है। इसके अलावा, ट्रैफिक पुलिस की बैठकों के दौरान भी मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी। इन प्रयासों के बावजूद, नजाई मंडी और मुख्य बाजार से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। सड़क किनारे लग रहे हाथठेले और सड़क पर बैठे दुकानदारों को भी विस्थापित नहीं किया गया है। इसके चलते आए दिन मुख्य बाजार में जाम लग जाता है। त्योहारों के समय जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है, फिर भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा जवानों की तैनाती नहीं की जा रही है, जिससे लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है।नगर के नजाई बाजार में मकर संक्रांति पर्व के कारण खरीदारी के लिए भीड़ बढ़ गई। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे नजाई मंडी के मुख्य गेट पर लंबा जाम लग गया, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कृषि रथ को दिखाई हरी झंडी, ग्रामीण क्षेत्रों में किया रवाना

कृषि विभाग ने मनाया कृषक कल्याण वर्ष

11 फरवरी तक रथ करेगा योजनाओं का प्रचार-प्रसार

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विभाग ने कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसानों को कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य पालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उनके घर तक पहुचाने के उद्देश्य से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

यह कार्यक्रम कुंडेश्वर रोड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कृषक कल्याण वर्ष के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा और सुना गया। उप संचालक कृषि मनोज कश्यप ने बताया कि कृषि वैज्ञानिक किसानों से संपर्क कर उन्हें नवीन और वैज्ञानिक तकनीकी सुधारों से अवगत कराएंगे। यह कृषि रथ 11 जनवरी से 11 फरवरी तक विकासखंड में किसानों के बीच प्रचार-प्रसार करेगा। एक दिन में तीन पंचायतों का भ्रमण किया जाएगा। कृषि रथ के संचालन और संबंधित निर्णयों के लिए एक जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। यह समिति सप्ताह में एक बार क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी। प्रत्येक कृषि रथ के लिए एक तकनीकी दल होगा, जिसमें कृषि विभाग के प्रभारी, कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ और प्रगतिशील कृषक शामिल होंगे। रथ के पहुंचने से 3-4 दिन पहले संबंधित गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।कृषि रथ के माध्यम से जैविक खेती और प्राकृतिक खेती का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार-प्रसार, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था और पराली प्रबंधन जैसे विषयों पर जानकारी देंगे।

कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया संबोधित

कृषि विभाग ने कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अंशुल व्यास, टीकमगढ़ एसडीएम संस्कृति लिटोरिया, उपसंचालक कृषि मनोज कश्यप, कृषि महाविद्यालय के डीन डीएस तोमर, वरिष्ठ वैज्ञानिक बीएस धाकड़ सहित प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी और किसान उपस्थित रहे।

बैठक | **पेयजल व्यवस्था रहा बैठक का मुख्य बिंदु**

कलेक्टर ने टीएल की बैठक में समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने संकल्प से समाधान अभियान, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, पेयजल व्यवस्था, कृषि विभाग अंतर्गत कृषक कल्याण वर्ष 2026, पीएमडीडीकेवाई, फार्मर रजिस्ट्री, छिर धारा ग्राम योजना, डीएमएफ, डीएटीसीसी की बैठक में दिए गए निर्देश, पीएमएवाई,आदि कर्मयोगी अभियान, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही, विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दरअसल कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सभी निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने निकाय में पेयजल पाईपलाईन का निरंतर निरीक्षण करें एवं यदि कहीं से पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त होती हैं तो तत्काल सुधार की कार्यवाही की जाये। सीएमओ पेयजल सप्लाई के प्रारंभिक बिंदु एवं सभी वार्डों में सप्लाई होने वाले पानी का सैंपल लेकर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी के साथ ही ईईपीएचई को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई के पानी का सैंपल लेकर आखिरी बिंदु तक पहुंचने वाले पानी की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले को स्वच्छ बनाने हेतु सभी सीएमओ नियमित स्वयं निरीक्षण करें एवं फील्ड विजिट कर स्थिति का जायजा लें। कर्मयोगी अभियान, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण,आयुष्मान भारत योजना, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही , विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। टीएल की बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पेयजल व्यवस्था सुचारु रूप से बनाने के निर्देश सभी निकायो के सीएमओ को दिए है।

समय सीमा की बैठक में यह अधिकारी रहे मौजूद

सोमवार को आयोजित हुई टीएल की बैठक में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह,संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा निशांत भूरिया सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

किसान ने सुपर सीडर यंत्र से की बुवाई

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

ग्राम सुनवाहा निवासी कृषक सुनील अग्रवाल के द्वारा कृषि विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के मार्गदर्शन पर सुपर सीडर कृषि यंत्र से रबी फसल मटर की अगेती किस्म सब्जी के उपयोग वाली जेएस 10 की बुवाई की गई।

कृषक द्वारा को सुपर सीडर से मटर की बुवाई 7 एकड़ रकबे में की गई। कृषक द्वारा बताया गया कि गेहूं का अंकुरण बहुत अच्छा हुआ है, जिससे वे काफी संतुष्ट है। सुपर सीडर से मटर की बुवाई से उन्हें 15 किलोग्राम प्रति एकड़ बीज की बचत हुई तथा बिना खेत की तैयारी के सीधे बुवाई से उन्हें 2 जुताई का खर्च लगभग 2000 रूपये प्रति एकड़ की बचत हुई। इस प्रकार उन्हें सुपर सीडर यंत्र से बुवाई से समय, श्रम एवं लागत में बचत हुई।

महिला की मौत के विरोध में प्रदर्शन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र में छतरपुर हाईवे पर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। यह जाम एक महिला की करंट लगने से हुई मौत के विरोध में लगाया गया था। करीब एक घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद प्रशासन के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ।

दरअसल, शनिवार शाम बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के पटोरी गांव में 25 वर्षीय संगीता यादव की करंट लगने से मौत हो गई थी। संगीता अपने खेत पर काम कर रही थीं, तभी 11 केवी लाइन का तार टूटकर उन पर गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजन शव लेकर बल्देवगढ़-छतरपुर हाईवे पर पहुंचे। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और धरने पर बैठ गए। इस दौरान हाईवे पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर एसडीओपी टीकमगढ़, बल्देवगढ़ थाना प्रभारी और तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों और परिजनों से बात की। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि परिजनों की मुख्य मांग आर्थिक सहायता और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।